तापमान

अधिकतम 40 .0 डिग्री
न्यूनतम 29 .3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार, 30 जून 2024

16 सुभाष पार्क फूडकोर्ट के दोनों हॉल खाली भुगतान किए बिना...



16 कारगिल युद्ध स्मारक के लिए रवाना



## खबर संक्षेप

### पानीपत पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने सनौली यमुना पुल के पास नाकाबंदी कर नशा तस्कर अजीत पुत्र रणधीर निवासी गांव गोला खुर्द जिला पानीपत को 300 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी अजीत के खिलाफ थाना सनौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

### मैकेनिकल इंजीनियर पर किया हमला

**पानीपत।** पानीपत के न्यू दीवान नगर, कच्चा कैंप निवासी मैकेनिकल इंजीनियर सौरव कुमार पर बाइक सवार नकाबपोश युवकों ने हमला कर दिया। युवकों ने सौरव को डंडों से पीटा और लैपटॉप भी तोड़ दिया।इधर, थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने सौरव की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कट्टे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने चौटाला रोड पर गौशाला के पास से अक्षय पुत्र पवन निवासी वीर भवन चौक, पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी अक्षय के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### 48 कटड़ों से भरा कंटेनर पकड़ा

**बराड़ा।** 48 भैंसों के कटड़ों से भरे एक कंटेनर को पकड़ा है। इस कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो भैंसों के कटड़ों को वध के लिए उत्तर प्रदेश ले जा रहे थे।

## प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम के तहत कुरुक्षेत्र में 68 पेड़ों के मालिकों को मिल रही पेंशन

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

प्रदेश सरकार बुजुर्ग लोगों को दी जाने वाली पेंशन की तर्ज पर 75 वर्ष से ज्यादा आयु के पेड़ों को भी पेंशन दे रही है। यह पेंशन पहले 2500 रुपए थी जोकि अब बढ़ाकर 2750 रुपये वार्षिक कर दी गई है। यह पेंशन हरियाणा प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम के तहत दी जा ही है। प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम के तहत जिला में 68 पेड़ों के मालिकों को 2750 रुपए वार्षिक पेंशन दी जा रही है। स्कीम के तहत जिन घरों के आंगन में और खेत में लगे हुए 75 वर्ष से अधिक आयु के पेड़ होंगे वे इसके हकदार होंगे। यह राशि पेड़ के मालिक के बैंक खाते में भेजी जाती है। जिला वन राजिक अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रयासरत है। पेड़-पौधों से ही हमें जीवन-रक्षक ऑक्सीजन मिलती है, अगर हम सचेत नहीं हुए तो पेड़ों की कटाई से ऑक्सीजन की उपलब्धता मुश्किल हो जाएगी, ऑक्सीजन की आवश्यकता एवं विकटता को पूरा विश्व कोरोना काल में भली-भांति देख चुका है। मानव जाति के लिए बेहतर यही है कि समय रहते संाल जाए। उन्होंने बताया कि इसमें एक ही बीज से उत्पन्न पेड़ों को शामिल किया गया है। फिक्स बेंगालेंसिस की तरह एक बीज से उत्पन्न होने वाले पेड़ों के उपवन को ाी एक ही पेड़ माना जाएगा। शमशेर सिंह ने बताया कि इसमें छोटे किसान और गरीब मजदूरों को जोड़ा जा रहा है ताकि वह अपने खाली समय में पेड़ों की देखााल करके पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सके और इसके बदले में कुछ पैसे ाी कमा सकें। जहां से एक तरफ पेड़ों के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा वहीं दूसरी तरफ कम आय वाले लोगों की छोटी मोटी जरूरतें भी पूरी हो पाएंगी।

■ पेंशन पहले 2500 रुपये थी जोकि अब बढ़ाकर 2750 रुपये वार्षिक कर दी गई



### वायु गुणवत्ता में होगा सुधार

जिला वन राजिक अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कियोजना में गिरे हुए पेड़, खोखले, मृत, सूखे और रोगग्रस्त पेड़ तथा वन ाूमि पर खड़े हुए पेड़ शामिल नहीं किए जाएंगे। इससे पेड़ों की कटाई में कमी आएगी जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अच्छा कदम है। इस योजना की सहायता से पेड़ों की कटाई पर रोक लगेगी, साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोग पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित होंगे। यह योजना कम आयु वर्ग के लोगों के लिए एक छोटे रोजगार के सामान होगी। किसानो की आय में वृद्धि होगी।



### विभाग में करे आवेदन

जिला वन राजिक अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि प्राण वायु देवता पेड़ की पेंशन हर वर्ष ओल्ड एज सम्मान पेंशन स्कीम की तर्ज पर हर वर्ष बढ़ाई जाती रहेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना का फायदा उठाने के लिए जिला कार्यालय, रेंज अधिकारी व विभाग के पिहोवा कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। शमशेर सिंह ने बताया कि योजना का लाा हरियाणा प्रदेश के 75 वर्ष से अधिक आयु के पेड़ों के केयर टेकर को दिया जाएगा। लााार्थियों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाती है।

## खालिस्तानी अमृतपाल को सांसद पद की शपथ नहीं लेने देंगे: वीरेश



पानीपत। एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया व विश्व हिन्दू तख्त के नेता वीरेश शांडिल्य प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्व हिन्दू तख्त के अंतरराष्ट्रीय प्रमुख वीरेश शांडिल्य शनिवार को प्रेस वार्ता में कहा कि खालिस्तानी और आईएसआई के एजेंट अमृतपाल सिंह को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ दिलाई तो उनका संगठन इसका विरोध करेगा। शांडिल्य ने घोषणा की कि यदि अमृतपाल सिंह डिब्रगढ़ जेल से दिल्ली शपथ लेने आएगा तो एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के सदस्य उसे काले झंडे दिखाएंगे व उसके खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि अमृतपाल सिंह को वोट देने वाले कट्टरपंथी हैं जो पंजाब में खालिस्तान चाहते हैं, वहीं, किसी कीमत पर भी पंजाब में खालिस्तानी मुहिम को सिर उठाने नहीं दिया जाएगा। इस अवसर पर मुकुल गोयल, करण आनंद, उवी श्रम, कपिल गिरधर, अनिल बजाज, नवीन मनचंदा, दिनकल आनंद मौजूद थे। वहीं, शांडिल्य ने मदन भारद्वाज को विश्व हिन्दू तख्त का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया।

■ मदन भारद्वाज बने विश्व हिन्दू तख्त के कार्यकारी हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष

## किसान तैयार कर रहे हैं ऑर्गेनिक गुड़ व शक्कर, कई बीमारियों में कारगर साबित

### नाबार्ड की ओर से पंचायत भवन अंबाला शहर में तीन दिवसीय तरंग मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

नाबार्ड द्वारा पंचायत भवन अंबाला शहर में आयोजित तीन दिवसीय तरंग मेले में अपने उत्पाद लेकर पहुंचे एफपीओ से जुड़े किसानों ने अपने अनुभव सांझा किए। ज्यादातर किसानों ने कहा कि तरंग मेले में आकर उन्हे लाभ मिला है। जिला यमुनानगर के रणजीतपुर से तरंग मेले में पहुंचे बिलासपुर कौशल डेयरी फार्म प्रोडयूसर कंपनी के अमरपाल आर्य ने बताया कि उनके एफपीओ से लगभग 200 किसान जुडे हुए हैं। 10 डायरेक्टर हैं। उन्होंने बताया कि उनके एफपीओ को नाबार्ड से आर्थिक मदद मिलने के साथ-साथ ट्रेनिंग भी दिलवाई गई है। वे ऑर्गेनिक तरीके से गुड, शक्कर, देशी गाय का देशी घी जैसे उत्पाद तैयार कर लोगों को उचित दाम पर उपलब्ध करवा रहे हैं। उनके उत्पाद को देखने और खरीदने में लोग भी रूचि ले रहे हैं। राजस्थान से आए पुष्कर किसान प्रदीप कुमार ने बताया कि उनके एफपीओ के साथ लगभग 500 किसान जुड़े हुए हैं। वे लोग गुलकंद, आंवला कैंडी, शरबत, मेथी, पुदीना जैसे उत्पाद तैयार कर बिक्री कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग तीन साल से उनका एफपीओ काम कर रहा है। आंवला की चटपटी कैंडी जोकि प्रोसेस करके बनाई जाती है उसकी सबसे अधिक डिमांड है। किसान संजय ने बताया कि उनके एफपीओ से लगभग 500 किसान जुड़े हैं। वे ऑर्गेनिक तरीके से दालें, हल्दी, जीरा, धनिया जैसे उत्पाद तैयार करते हैं। लोगों में भी उनकी डिमांड है।

■ मेले में पड़ोसी राज्यों से भी किसान अपने तैयार उत्पाद लेकर आए




अंबाला। मेले में अपने उत्पाद प्रदर्शित करता एक किसान।

■ एफपीओ से जुड़े किसानों ने मेले में अपने अनुभव सांझा किए

### राजस्थान की महिलाएं मोटे अनाज से तैयार उत्पाद लेकर पहुंची

फतेहगढ़ साहिब के डायरेक्टर भगवंत सिंह ने बताया कि उनके एफपीओ से 300 किसान जुड़े हैं। यह लगभग डेढ़ साल से काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि नाबार्ड द्वारा उन्हें ग्रांट देने के साथ-साथ ट्रेनिंग भी दी गई है। उनके एफपीओ के साथ जुडे किसान हल्दी, मूंग तथा शहद और नेचुरल तरीके से बीपूलन मधुमक्कखी के माध्यम तैयार होता है, उसकी बेहद डिमांड है। उन्होंने कहा कि बीपूलन स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ-साथ शुगर और कोलेस्ट्रोल कम करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने में काफी कारगर है। उन्होंने बताया कि बी-पूलन की 100 ग्राम की कीमत 200 रुपये रखी गई है। श्री श्याम स्वयं सहायता समूह सीकर राजस्थान से जुड़ी महिलाएं भी मोटे अनाज जैसे बाजरा, जौ, रागी से तैयार उत्पाद को लेकर तंगर मेले में पहुंची है। इस समूह से जुड़ी महिला रिंकू ने बताया कि बाजरे की नमकीन, बाजरे के बिस्कुट, कुकीज, लडडू, जौं की कुकीज, बिस्कुट, रागी की कुकीज जैसे स्वादिष्ट व्यंजन उनकी समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जाते है। उन्होंने बताया कि बाजरे की नमकीन की कीमत 120 रुपये की 250 ग्राम है। एफपीओ से जुड़े किसानों तथा स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने तरंग मेला आयोजित करने के लिए नाबार्ड का धन्यवाद किया है।

## भाकिसं यमुनानगर जिले में दस हजार पौधों का करेगा रोपण: चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय किसान संघ के सदस्यों की शनिवार को यमुनानगर के किसान भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रतन सिंह देवधर ने की। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में संघ के प्रांतीय महासचिव रामबीर सिंह चौहान मौजूद रहे। संघ के प्रांतीय महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने बताया कि संघ की बैठक में पर्यावरण संरक्षण के लिए यमुनानगर जिले में दस हजार पौधे लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में जिला कार्यकारिणी का चुनाव 15 जुलाई को और ब्लॉक कार्यकारणियों का चुनाव 10 जुलाई को करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा बैठक में जिला कार्यकारिणी व ब्लॉक कार्यकारणियों का चुनाव संपन्न करवाए जाने को लेकर जिले के सभी सात खंडों के चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिनमें नरेश कांबोज का रादौर खंडा का चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, जगाधरी खंड का चुनाव अधिकारी सुरेश कनालसी, छछरौली खंड का चुनाव अधिकारी मोहकम सिंह दड़वा, प्रताप नगर खंड का चुनाव अधिकारी रतन सिंह देवधर, बिलासपुर खंड का चुनाव अधिकारी सुशील राणा, सरस्वती खंड का चुनाव अधिकारी पिंटू राणा व यमुनानगर की नगर इकाई का चुनाव अधिकारी प्रताप सिंह खजूरी को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि एक जुलाई से देश भर में भारतीय किसान संघ द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में यमुनानगर जिला में संघ ने दस हजार पौधारोपण करने का लक्ष्य रखा है। मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष पिंटू राणा ने संघ द्वारा निर्धारित किए गए पौधारोपण के लक्ष्य को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी विकास राणा, प्रांतीय गन्ना प्रमुख प्रताप सिंह राणा, लख्मीचंद, सुरेश कनालसी, जिंद्र सिंह अमादलपुर, मोहकम सिंह, पवन कांबोज, सुरेश कांबोज, सुशील, मोहन सिंह, राजदीप सिंह व मदन सिंह आदि मौजूद रहे।

■ किसान भवन में आयोजित हुई भारतीय किसान संघ की बैठक में लिया निर्णय



यमुनानगर के किसान भवन में आयोजित बैठक में अपने विचार रखते हुए भाकिसं के सदस्य।

## महिला को बातों में उलझाकर सोने की बालियां और एक हजार ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की द्वारका पुरी कॉलोनी जगाधरी निवासी एक महिला को दो व्यक्तियों ने बातों में उलझा कर उससे सोने की बालियां व एक हजार रुपए ठग लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जगाधरी की द्वारिकापुरी कॉलोनी निवासी वीजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शुक्रवार को सुबह 11 बजे खेड़ा बाजार से दवाई लेकर घर आ रही थी। जब वह कॉलोनी के मोड पर नारियल वाले के पास रूकी तो वहां पर उसे दो व्यक्ति मिले। आरोपियों ने उसे बातों में उलझा कर अपनी बालियां पर्स में डालने को कहा। उसने आरोपियों की बातों में आकर अपनी बालियां पर्स में डाल ली। इसके बाद आरोपियों ने उसे कहा कि उसे भगवान के दर्शन होंगे और बातों में लगाकर उससे उसका पर्स ले लिया। पर्स में सोने की बालियां और करीब एक हजार रुपए थे। इसके बाद आरोपी बाइक पर सवार होकर रक्षक बिहार नाके की तरफ चले गए।

आरोपियों के जाने के बाद उसने आरोपियों का पीछा करने का प्रयास किया मगर आरोपी मौके से भाग निकले। उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 379 में 420 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ किया केस दर्ज



### अस्पताल में डायरिया पीड़ित युवती के साथ छेड़खानी

**पानीपत।** पानीपत की देवी मूर्ति कालोनी में स्थित आस्था अस्पताल में कंपाउंडर ने डायरिया पीड़ित युवती के के साथ छेडखानी की। वहीं, थाना सिटी को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 19 वर्षीय बेटी डायरिया से पीड़ित है और उसका आस्था अस्पताल में उपचार चल रहा है। शुक्रवार की रात को कंपाउंडर आया और बेटी को इंजेक्शन लगाने की बात कही। उसने मां-बाप को कमरे से बाहर निकाल लिया और अंदर से कमरा बंद कर लिया, इस समय युवती बेहोशी की हालत में थी। कंपाउंडर के चलते जाने बाद मां व पिता कमरे में गए तो उनकी बेटी रो रही थी। बेटी ने उन्हें बताया कि कंपाउंडर ने उसके साथ शारीरिक छेड़खानी की है। लड़की ने बताया कि जब उसे होश आया तो कंपाउंडर ने अपनी पेंट खोली हुई थी। उन्होंने बताया कि मामले की डॉक्टर डॉ सुनील महाजन को सूचना दी। डॉ महाजन मौके पर आए और लडकी से पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद कंपाउंडर को नौकरी से निकालते हुए अस्पताल से बाहर कर दिया।

## शूटिंग चैंपियनशिप के लिए निकिता का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर की एनसीसी कैडेट निकिता को अखिल भारतीय अंतर निदेशालय शूटिंग चैंपियनशिप में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ एनसीसी निदेशालय का प्रतिनिधत्वि करने के लिए चुना गया है। यह प्रतियोगिता 3 जुलाई से 15 जुलाई तक तिरुचिरापल्ली में आयोजित की जाएगी।

कालेज प्रिंसिपल डॉक्टर मेजर हरद्रिं सिंह कंग ने बताया कि यमुनानगर की एक प्रतिभाशाली कैडेट निकिता जिले से एकमात्र प्रतिनिधि हैं और अंबाला समूह से चुने गए चार कैडेटों में से एक हैं। उनके प्रभावशाली कौशल ने उन्हें पहले ही इंटर ग्रुप शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक दिला दिया है। प्रिंसिपल डॉ. हरिंदर सिंह कंग ने निकिता को उसकी उपलब्धि पर बधाई दी और उसे प्रशक्षिति करने वाले 14 हरियाणा बीएन एनसीसी यमुनानगर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जरनैल सिंह और प्रशासक अधिकारी कर्नल संदीप शर्मा के प्रयासों की सराहना की। गुरु नानक खालसा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह ने निकिता को तैयार करने के लिए कॉलेज एनसीसी अधिकारी डॉ. जोशप्रीत सिंह और सुश्री रविता सैनी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कॉलेज की ओर से निकिता को आगामी चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं दी और वश्विास जताया कि वह संस्थान और क्षेत्र को गौरवान्वित करेगी।



■ प्रतियोगिता 3 से 15 जुलाई तक तिरुचिरापल्ली में आयोजित की जाएगी

एनसीसी कैडेट निकिता।

### गोवंशजों से परेशान लोगों ने प्रशासन से की उन्हें पकड़कर गोशाला में भेजने की मांग

## बेसहारा घूम रहे गोवंशजों से रादौरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर में सैकड़ों की संख्या में घूम रहे गोवंशजो से कस्बावासी परेशान हो गए हैं। कस्बासियों का कहना है कि बेसहारा गोवंशज गलियों, सड़कों व बाजार और मोहल्लों में घूमकर जहां हादसों का कारण बन रहे हैं, वहीं, वह उत्पात मचा रहे हैं। कई गोवंशज लोगों को चोटिल भी कर रहे हैं। उन्होंने बेसहारा घूम रहे गोवंशजो को तुरंत पकड़े जाने की मांग की है।

कस्बा निवासी सुरेश, रमेश, मंगतराम, सचिन, अरुण, जय सिंह, भोला व पवन आदि ने बताया कि रादौर व उसके आसपास के क्षेत्र में सैंकड़ों की संख्या में बेसहारा गोवंशज घूम रहे हैं। बेसहारा गोवंशज जहां रादौर के नजदीक लगते खेतों में फसलों में उत्पात मचा रहे हैं। वहीं, वह सड़कों, गलियों व बाजार तथा कॉलोनियों में लोगों को चोटिल कर रहे हैं और हादसों का कारण बन रहे हैं। आलम यह है कि रादौरवासी रात दिन बेसहारा गोवंशजों को लेकर पहरा देने पर मजबूर हो गए हैं। उन्होंने बताया कि बेसहारा गोवंशज आपस में भी लड़ाइयां करके आसपास के क्षेत्र में तोड़ फोड़ करके लोगों का कीमती सामान नष्ट कर रहे हैं। वहीं, अधिकांश गोवंशज राह चलते लोगों पर जानलेवा हमला करके उन्हें चोटिल कर रहे हैं। लोग किसी तरह इन बेसहारा गोवंशजों से अपने आपको बचा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बेसहारा गोवंशजो के कारण अब गलियों से निकलने में भी डर लगने लगा है। उन्होंने नगरपालिका प्रशासन से कस्बा व उसके आसपास सैकड़ों की संख्या में घूम रहे बेसहारा गोवंशजो को पकड़कर गोशाला में छोड़े जाने की मांग की है।



यमुनानगर के रादौर में घूमते हुए बेसहारा गोवंशज। फोटो : हरिभूमि

### गोवंशजों को पकड़ने के लिए नपा चलाएगी अभियान

नगरपालिका रादौर के सफाई निरीक्षक मंदीप सिहाग ने बताया कि कस्बा व उसके आसपास घूम रहे गोवंशजो को पकड़ने के लिए नपा जल्द ही अभियान चलाएगी। सभी गोवंशजो को पकड़कर गोशाला में छोड़ने का काम किया जाएगा।

## प्राइवेट अस्पतालों में एक जुलाई से नहीं होगा आयुष्मान योजना के तहत इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अब कुरुक्षेत्र जिला के साी प्राइवेट हॉस्पिटल में 1 जुलाई के बाद आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत मरीज का उपचार नहीं हो सकेगा क्योंकि प्रदेश के सभी प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। क्योंकि केंद्र सरकार आयुष्मान भारत योजना के तहत प्राइवेट हॉस्पिटलों के बिलों का भुगतान नहीं कर पा रही । यही वजह है कि प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों ने यह कड़ा कदम उठाना पड़ा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन डॉ ऋषि पाल गुप्ता, डॉ सुरेंद्र मेहता, अमन अग्रवाल, डॉ अनुराग कौशल व डॉक्टर राकेश भारद्वाज का प्रतिनिधिमंडल इस मामले को लेकर ज्ञापन सौंपने उपायुक्त कार्यालय पहुंचा जहां इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों ने उपयुक्त शांतनु शर्मा को ज्ञापन सौंपा। डॉ सुरेंद्र मेहता एवं डॉ अमन ने बताया कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की यह भी मांग है कि आयुष्मान योजना के तहत नए पैकेज लागू करें। इसके अलावा साी समस्याओं का स्थाई समाधान निकाला जाए। अस्पतालों पर वित्तीय संकट को जल्द से जल्द दूर किया जाए।

■ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले एकजुट हुए जिलेभर के प्राइवेट चिकित्सक



लघु सचिवालय में उपायुक्त शांतनु शर्मा को ज्ञापन सौंपते चिकित्सक।

## खबर संक्षेप

### यमुना में बाढ़ से बचाव को पहल शुरू

**घरौंडा।** यमुना में आने वाली बाढ़ से बचाव के लिए पहल शुरू हो गई है।घरौंडाएसडीएम राजेश सोनी ने बाढ़ प्रबंधों का जायजा लेने के लिए यमुना नदी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यमुना के घरौंडा सीमा क्षेत्र में आने वाले भाग का सभी सबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। ताकि बरसात के समय में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यमुना क्षेत्र मे किसी भी जगह मिट्टी का कटाव दिखाई देता है तो वहां तुरंत स्टड का निर्माण करवाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यमुना के बहाव से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रदेश पर 4 लाख करोड़ का कर्ज छोड़ गए पूर्व सीएम


अरूण पंजाबी।

**करनाल।** कांग्रेस नेता अरूण पंजाबी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपने राजनीतिक उत्तराधिकारी नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर भले ही लोगों की नजर में त्याग का परिचय दिया हो लेकिन प्रदेश के सिर पर 4 लाख करोड़ का कर्ज छोड़ गए। आज प्रदेश का हर व्यक्ति कर्जदार हो गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने शासनकाल में कई फिजूलखर्ची के कारण प्रदेश पर नित नया कर्ज लाद दिया। आज प्रदेश बेरोजगारी के नाम पर नम्बर वन है।

### नगर पालिका ने चलाया मेगा सफाई अभियान

**तरावड़ी।** नगर पालिका सचिव अजीत कुमार के आदेश अनुसार शहर तरावड़ी में स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 मेगा क्लीनिंग ड्राइव सफाई अभियान चला हुआ है । इस अभियान के तहत शहर के बड़े-बड़े नालो और नालियों की सफाई के लिए विशेष कार्य किये जा रहे है । बड़े-बड़े नालों को साफ करने के लिए जेसीबी मशीन का प्रयोग किया जा रहा है । पिछले कई दिनों से शहर के बीचो-बीच बनी ड्रेन को जेसीबी मशीन द्वारा साफ किया जा रहा है ताकि आने वाले बरसात के दिनों में जलभराव दिक्कत का सामना न करना पड़े और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा सके । इस अभियान की मुख्य रूप से नगर पालिका सचिव अजीत कुमार द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है ।

### नवनियुक्त एसपी ने किया कार्यालय का निरीक्षण

**करनाल।** आज नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक करनाल मोहित हाण्डा ने अपने कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों को कार्यालय में दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया व कार्यालय के सभी शाखा प्रभारियों को उनके कार्य के अनुसार दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपने कार्य को गति देने के लिए सभी अपनी कार्यशैली ऐसे ढंग से तैयार करें कि आपका कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा हो सके। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक जिला पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं जैसे प्रवाचक शाखा, स्थापना शाखा, लेखा शाखा, सेना शाखा, शिकायत शाखा, आईटी सेल, सीसीटीएनएस शाखा, साईबर सेल, सुरक्षा शाखा, मित्रकक्ष, जनसूचना शाखा, भलाई शाखा और पुलिस कंट्रोलरूम

### ट्रांसफर को लेकर स्थिति साफ करे सरकार

**करनाल।** शिक्षक तबादला संघर्ष समिति ने प्रदेश सरकार,शिक्षा मंत्री और विभागीय अधिकारियों ने अनुरोध किया है कि शिक्षकों के ट्रांसफर को लेकर स्तिथि साफ की जाए ताकि तमाम तरह की शंकाओं को विराम लगे और सभी वर्गों के शिक्षकों के लिए अविलंब ट्रांसफर ड्राइव चलाया जाए। संघ के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण और राज्य महासचिव रामनिवास संगोही ने की। कहा कि ट्रांसफर सभी वर्गों(जेबीटी/टीजीटी/पीजीटी/प्रिंसिपल और गेस्ट)के होने चाहिए। क्योंकि हजारों की संख्या में शिक्षक टेम्परेरी स्टेशनों पर बैठे हैं, शिक्षक की काफी कमी है।

---

### सेवानिवृत्ति सम्मान परेड में ली सशस्त्र टुकड़ी की सलामी

# विदाई सम्मान समारोहः जीवन में भूमिका बदलती है सेवा करने का अवसर नहींः डॉ आरसी मिश्रा

डॉ आरसी मिश्रा 35 वर्ष के सफल सेवाकाल के बाद 30 जून को सेवानिवृत हो रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल


घरौंडा। हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में मुख्य अतिथि डॉ आरसी मिश्रा का सम्मान करते अधिकारी व कर्मचारी।


घरौंडा। हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में मुख्य अतिथि डॉ आरसी मिश्रा का सम्मान करते अधिकारी व कर्मचारी।

जीवन में भूमिका बदलती रहती है लेकिन सेवा करने का अवसर हमेशा बना रहता है। यह बात डीजीपी डॉ आरसी मिश्रा ने हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में आयोजित विदाई सम्मान परेड समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। डॉ आरसी मिश्रा 35 वर्ष के सफल सेवाकाल के बाद 30 जून को सेवानिवृत हो रहे हैं। उन्होंने विदाई सम्मान परेड का निरीक्षण किया व सलामी ली। मुख्य अतिथि को परंपरा का निर्वाह करते हुए फूलों से सुसज्जित खुली जिप्सी में पुष्प वर्षा करते हुए सम्मानपूर्वक मधुबन से प्रस्थान कराया गया।

डॉ आरसी मिश्रा ने कहा कि किसी भी काम को टीम भावना के साथ करने से सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस विश्व के श्रेष्ठ पुलिस बलों में से एक है। हरियाणा पुलिस कमांडो के साथ चतुरंगिणी सेना से परिपूर्ण है। हरियाणा पुलिस के जवानों और अधिकारियों में जो साहस, काम करने की कर्मठता तथा शिष्टाचार है, वह अन्यत्र कम देखने को मिलता है। हरियाणा पुलिस हर क्षेत्र में अग्रणी रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी पुलिस थानों व चौकियों में सीसीटीवी लगाने में भी हरियाणा पुलिस देश में अग्रणी हो गई है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस के जवान, अधिकारी इसी कर्मठता के साथ कार्य को आगे बढ़ाते रहें और खुद को अग्रणी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि ईश्वर के बाद पुलिस को न्याय दिलाने वाला माना जाता है। इसलिए अपने योगदान पर गर्व करें और समर्पण भाव के साथ सेवा करते रहें। उन्होंने कहा कि पुलिस सदस्य कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, वह प्रत्यक्ष सेवा कार्य से अप्रत्यक्ष सेवा कार्य में स्थानांतरित हो जाता है।

उन्होंने विदाई सम्मान परेड के लिए पुलिस मुख्यालय, डॉ सीएस राव, उनकी टीम व परेड में शामिल जवानों को बधाई दी और हरियाणा पुलिस की उन्नति के लिए शुभकामनाएं दीं। हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ सीएस राव ने डॉ आरसी मिश्रा व उनकी पत्नी डॉ अर्चना मिश्रा के साथ आए अन्य अतिथियों का स्वागत किया और डॉ मिश्रा के सेवाकाल की उपलब्धियां बताईं। साथ ही डॉ आर सी मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंट किया। हरियाणा पुलिस अकादमी की पुलिस महानिरीक्षक डॉ राजश्री सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर पुलिस मंडल करनाल के पुलिस महानिरीक्षक कुलविंद्र सिंह, हरियाणा पुलिस अकादमी के पुलिस उप-महानिरीक्षक डॉ अरूण सिंह, हरियाणा पुलिस आवास निगम के मुख्य अभियंता संजय महाजन, अधीक्षण अभियंता सतीश शर्मा, संजीव वर्मा, के एन भट्ट, कार्यकारी अभियंता नरेश गोस्वामी, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन के प्राचार्य मंतोषपाल सिंह, हरियाणा पुलिस अस्पताल मधुबन के चिकित्सा अधिकारी डॉ गगन पासी, हरियाणा पुलिस आवास निगम के अधिकारी व कर्मचारी डॉ आरसी मिश्रा के परिवार के सदस्य, उनके मित्र, अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे। परेड की कमान परिवीक्षु डीएसपी तनुज ने की।


घरौंडा। हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में विदाई सम्मान परेड के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ आरसी मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंट करते अकादमी के निदेशक डॉ सीएस राव। फोटो : हरिभूमि


घरौंडा। हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में विदाई सम्मान परेड की सलामी लेते हुए मुख्य अतिथि डॉ आरसी मिश्रा। फोटो : हरिभूमि

---


अनाज मंडी में सुल्तान सोहलो की दुकान पर कार्यकर्ताओं के साथ दिव्यांशू बुद्धिराजा।

## कांग्रेसी नेता सुल्तान सोहलो की दुकान पर दिव्यांशु बुद्धिराजा का हुआ स्वागत

**तरावड़ी।** करनाल लोकसभा से प्रत्याशी रहे व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता दिव्यांशू बुद्धिराजा ने कहा कि कार्यकत्राओं की बदौलत ही कांग्रेस पार्टी सबसे मजबूत पार्टी है। कांग्रेस पार्टी में सभी कार्यकत्राओं को बराबर का सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को रिकार्डतोड़ मत मिले, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश-प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से खुश नही है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनना लगभग तय है। करनाल लोकसभा से प्रत्याशी रहे व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता दिव्यांशू बुद्धिराजा तरावड़ी अनाज मंडी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं तरावड़ी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के सीनियर वरिष्ठ पूर्व उप-प्रधान सुल्तान सोहलो की दुकान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बता दें कि लोकसभा प्रत्याशी रहे दिव्यांशू बुद्धिराजा विधानसभा मुताबिक धन्यवाद कार्यक्रम में तरावड़ी ओर नीलोखेड़ी में कई जगह पर पहुंचे। तरावड़ी अनाज मंडी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के रिजल्ट के बाद कांग्रेस पार्टी का जनाधार बढ़ा है। कांग्रेस पार्टी ने सभी मतदाताओं के दिलों में जगह बनाई है। वरिष्ठ नेता दिव्यांशू बुद्धिराजा ने कहा कि लोकसभा चुनावों के नतीजों से जनता ने हरियाणा मे सत्ता परिवर्तन का संदेश दिया है। इस दौरान तरावड़ी अनाज मंडी के आढ़तियों ने दिव्यांशू बुद्धिराजा के समक्ष अनाज मंडी की कई समस्याएं भी रखी। कांग्रेस नेता सुल्तान सोहलो की दुकान पर मौजूदा विधायक धर्मपाल गोंदर, अनाज मंडी के सीनियर वरिष्ठ पूर्व उप-प्रधान सुल्तान सोहलो, कांग्रेस नेता प्रो. राजेश वैद्य व राजीव गोंदर समेत कई कांग्रेसियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राजेश वैद्य, राजीव गोंदर, राजेश पधाणा, डा. गीता, तमन शर्मा, नारायाण प्रकाश बंसल, वजिंद्र गोयल, अनुज गोयल, सुरेंद्र गुप्ता, संजय भाटिया, बंटी गोयल आदि रहे।

---

# जीवन में सद्कर्मों से ही मनुष्य की मुक्ति संभव : सुषमा

- वरिष्ठ पत्रकार हरीश चावला के भाई पत्रकार फतेह चंद चावला को दी सैकड़ों लोगों ने भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल


श्रद्धांजलि सभा में सुषमा बाई प्रवचन करती हुई तथा उपस्थिति।

तरावड़ी स्थित आनंदपुर कुटिया की प्रमुख सुषमा बाई ने आज कहा कि सद्कर्मों से ही मुक्ति संभव है। इसके लिए गुरुजनों का होना भी जरूरी है, क्योंकि गुरुजन ही मुक्ति का मार्ग दिखाते है। सुषमा बाई ने कहा कि मनुष्य जीवन बड़ा अनमोल है इसे आप व्यर्थ में ना गंवाए। ईश्वर ने यह जीवन आपको मोक्ष हासिल करने के लिए एक मौके के रूप में दिया है, इसलिए यदि आप अच्छे कर्म और सच्चाई के मार्ग पर चलेंगे तभी यह जीवन सफल हो पाएगा। वह आज पत्रकार फतेह चंद चावला की प्रार्थना सभा में जनसमूह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि यह संसार लालच, मिथ्या और भ्रम के मायाजाल में फंसा है। इस माया जाल से केवल वही व्यक्ति बाहर निकलकर भगवान की शरण में जा सकता है, जिनके ऊपर सदा गुरुओं का हाथ होता है। सुषमा बाई ने कहा कि भारत की इस धरती पर ऐसे महान संत भी हुए, जिन्होंने पूरे विश्व को धर्म का ज्ञान बांटा।

### श्रद्धांजलि सभा में ये रहे मौजूद

पत्रकार फतेह चंद चावला को श्रद्धांजलि देने वालों में विधायक धर्मपाल गोंदर, एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, राइस एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश बंसल, कांग्रेस नेता दिव्यांशु बुद्धिराज, त्रिलोचन सिंह, ललित बुटाना, राकेश नागपाल, किशोर नागपाल, राजेश चौधरी, इन्द्रजीत गोराया, डा. संजय कुमार, प्रो. राजेश वैध, अमन गुप्ता, डा. बलबीर सिंह विर्क, पंकज गोयल, प्रमोद बंसल, विनीत बंसल, राजकुमार तायल, प्रदीप गुप्ता, तिलक राज मक्कड़, अजय मक्कड़, सुनील गुप्ता, संजय सिंगला, गऊशाला के प्रधान राकेश गर्ग, अनाज मंडी के प्रधान शीशपाल गुप्ता, नपा अध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल, स. मलकीत सिंह, रोशन लाल गुप्ता, समाजसेवी रमेश नारंग, पंजाबी सभा के अध्यक्ष राजीव नारंग, भाजपा नेता शिवनाथ कपूर, प्रेम सचदेवा, अनिल नारंग, नरेश चुघ, हन्नी चौधरी, मुकेश चौधरी, प्रवेश गाबा, कांग्रेस नेता राजिन्द्र बल्ला, नंद किशोर खुराना, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष योगेश मिड्डा, कांग्रेस नेता सुल्तान सिंह सोल्हो, सीएमओ डा. विनोद कमल आदि मौजूद रहे।

---

## आयुर्वेदिक ड्रग्स उत्पादों को दिखाई निर्यात की राह

**करनाल।** करनाल में एडमाह की अध्यक्षता में आयुष विभाग द्वारा एक दिवसीय सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडमाह के प्रदेश अध्यक्ष अनूप भरद्वाज ने की। पूरे प्रदेश से आये हुए सभी ड्रग्स उत्पादकों का स्वागत किया।आज के सम्मलेन में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ दलीश्रा एवं वशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ सतपाल रहे। आयुर्वेदिक दवाइयों का बड़ा एक्सपोर्टर स्टेट, दस वर्षो में निर्यात को तीन गुना बढ़ाने का लक्ष्य । आयुष विभाग ने आयुर्वेदिक ड्रग्स उत्पादों को दिखाई निर्यात की राह, प्रदेश के किसानों को भी मैन्युफैक्चरर से जोड़ा जाएगा । किसानों को खेती में नए विकल्प के साथ आमदनी बढ़ाने का अवसर मिलेगा, किसान करेगे जड़ी बूटियों की खेती ।केंद्रीय आयुष मंत्रालय की टीम ने राज्य के आयुर्वेदिक दवाई उत्पादों को निर्यात के क्षेत्र में कदम बढ़ाने के लिए राह दिखाई है । करनाल में आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए दवाई उत्पादकों को आयुष और एक्सपोर्ट विभाग के अधिकारियों ने निर्यात संबंधी तमाम जानकारी दी । आयुष निर्यात संवर्धन परिषद् की तरफ से आशुतोष श्रीवास्तव ,डॉ तृप्ता दीक्षित , मिहिर अजित शाह एवं दर्शित जोशी ने सभी सदस्यों को आज ट्रेनिंग दी। हरियाणा आयुष विभाग के अधिकारी एवं मुख्य अतिथि डॉ दलीप मिश्रा ने बताया कि हरियाणा को आयुर्वेदिक दवाई निर्यात का बड़ा केंद्र बनाया जा रहा है । आयुर्वेदिक दवाइयों के निर्यात में बहुत अधिक संभावनाएं है इसलिए आयुष विभाग प्रदेश के मनुफैकचर्स को एक्सपोर्ट से जोड़ना चाहता है । दवा निर्माता गुणवत्ता और मानकों का ध्यान रखते हुए अपने प्रोडक्ट और दवाई अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ले जा सकते है ।




---


### बरसात के सीजन की चिंता, कई गांव के सरपंच सरकार से लगा रहे मदद की गुहार

# पानी की निकासी के नहीं पुख्ता इंतजाम, सरकार इधर भी दो ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



गांव दयालपुरा सरपंच देवराज। फोटो : हरिभूमि


ग्रामीण धर्मबीर।


ग्रामीण जोगिन्दर।


सरपंच मास्टर अमर सिंह।


जसपाल सिंह।


सरपंच मलकीत सिंह।


सरपंच खुशी राम।

तरावड़ी के आसपास गांवों में बरसाती पानी के निकासी के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। ग्रामीणों को भय लगा रहता है जब बरसात का मौसम आता है। इस एरिया मे किसी गांव में सीवरेज की व्यवस्था नहीं है। जिसकी वजह से बरसात के मौसम में बरसात का पानी घरों में भी घुस जाता है। कई गांवों में सफाई व्यवस्था भी ना के बराबर है। ग्रामीण अपने घरों के आसपास नालों की सफाई स्वयं करते हैं ताकि बरसात का पानी गंदा पानी उनके घरों में ना घुसे। ग्रामीण लोग स्वयं अपने खर्चे पर पैसे एकत्र करके गांव के गंदे पानी की निकासी के लिए जमीन ठेके पर लेकर गंदे पानी की निकासी का इंतजाम करते हैं। कई गांव में सरकारी फंड न होने की वजह से जोहड व नालों की सफाई नहीं हो पाती जो थोड़ा बहुत फंड पास होता है वह गांव के छोटे-मोटे कामों में खर्च हो जाता है।

गांव दयालपुरा के सरपंच देवराज का कहना है विकास करवाने के लिए मैं हमेशा कोशिश में लगा रहता हूं लेकिन बजट न होने की वजह से कई कार्य अधर में रह जाते हैं।

गांव दयालपुरा के निवासी ग्रामीण धर्मवीर का कहना है कि जोहड़ की सफाई न होने की वजह से आसपास के लोगों ने अवैध कब्जे कर लिए हैं क्योंकि यह जोहड़ गांव के बीचो-बीच में है लगभग 7 कनाल का यह तालाब था जो कि अब लगभग चार कनाल रह गया है । गांव दयालपुर निवासी ग्रामीण जोगिंदर का कहना है आज तक इस तालाब की सफाई नहीं हुई इसमें काफी दलदल है इसकी सफाई ना होने की वजह से इसमें दो-तीन पशुओं की मौत भी हो चुकी है। कई बार हमारे बच्चे भी इसमें गिर गए हैं। बरसात के दिनों में गंदे पानी से लबालब हो जाता है पानी सडक़ों पर फैल जाता है आसपास के घरों में भी पानी घुस जाता है इस जोहड़ में गंदगी होने की वजह से मक्खी, मच्छर व जहरीले जीव जंतुओं का घर बना हुआ है जो कि ग्रामीणों के लिए हमेशा खतरा बना रहता है। गांव गालिब खेड़ी के सरपंच मास्टर अमर सिंह का कहना है कि गांव में कोई जोहड़ तालाब नहीं है। गंदे पानी की निकासी के लिए उपयुक्त स्थान नहीं है। पानी निकासी के ग्रामीण स्वयं अपने खर्चे पर पानी निकासी का इंतजाम करते है।


तरावड़ी। गांव दयालपुरा के टूटे हुये नाले।


तरावड़ी। गांव गालिब खेड़ी के टूटे नालों से गंदा पानी खेतों जाता हुआ।

गांव के निवासी जसपाल सिंह का कहना है कि गांव में पानी निकासी का कोई उचित प्रबंध नहीं है। नाले के माध्यम से पास के धान के खेतों में पानी गंदा छोड़ देते हैं। लेकिन गेहूं के दिनों में मार्च अप्रैल में जब खेतों में गेहूं बोई होती है तो पानी छोडऩे की समस्या पैदा हो जाती है।

गांव शेखनपुर के सरपंच मलकीत सिंह का कहना है कि गांव में सीवरेज की व्यवस्था नहीं है कई बार पानी ओवरफ्लो के समाधान के लिए विधायक धर्मपाल गोंदर को कह चुके हैं लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हो पाया और ना ही कोई अभी सरकार की ओर से ग्रांट आई है। सीवरेज का प्रोजेक्ट बड़ा है अगर कोई विधायक द्वारा ग्रांट मिले तो सीवरेज के बारे में विचार किया जा सकता है। गांव पखाना के सरपंच खुशी राम का कहना है कि गांव में सीवरेज की व्यवस्था नहीं है ना ही इसके लिए कोई सरकार की ग्रांट आई है। बरसात के पानी की निकासी सडक़ मे दबाए गये पाइपों द्वारा हो जाती है। यह पाईप भी कहीं से कही से टूटे पड़े हैं। इस सडक़ से शैलरों के भारी वाहन निकलते है। बरसात का पानी पाईपों द्वारा ही खेतों में छोड़ दिया जाता है।

## खबर संक्षेप

### नौकरी की तलाश में निकला युवक लापता

**पानीपत।** पानीपत के गांव नांगल खेडी निवासी शिव कुमार पुत्र नफे सिंह 17 जून को अपने घर से नौकरी की तलाश में निकला था। इसके बाद से शिव कुमार लापता हो गया। परिजनों ने उसकी हर संभव स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पिता नफे सिंह ने पुलिस से शिव कुमार के लापता होने की शिकायत दी है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर शिव कुमार की तलाश शुरू कर दी है।

### स्वतंत्रता सेनानी सीता को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता सीता रानी की 32वीं पुण्यतिथि पर माता सीता रानी सेवा संस्था के कार्यालय में उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता आनंद ने कहा कि सीता रानी एक अद्भुत, कर्मठ व असाधारण महिला थीं। वे सांप्रदायिक सद्भाव वाले माहौल में पली बढ़ी। उन दिनों लड़कियों की शिक्षा के लिए कोई माहौल नहीं था पर उनके परिवार पर आर्य समाज का प्रभाव था।

### दी एंबियंस गार्डन में सामूहिक विवाह समारोह आज

**पानीपत।** प्रारंभ एक नई शुरूआत संस्था द्वारा 30 जून को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान सिद्धार्थ गुप्ता ने बताया कि संस्था समय समय पर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में अग्रसर रहती है। संस्थापक दीपक गोयल ने बताया कि एक बार फिर संस्था हिन्दू रीति अनुसार समाज के सभी जाति वर्ग के लिए 30 जून को सेक्टर 25 स्थित दी एंबियंस गार्डन में 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करने जा रही है।

### सीटू की बैठक हुई

**पानीपत।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन मजदूर संगठन सीटू जिला कमेटी की बैठक जिला प्रधान का. सुनील दत्त की अध्यक्षता में सीटू कार्यालय में हुई। बैठक में जिला सचिव जय भगवान, राज्य उप प्रधान का. विनोद देशवाल, इंडस्ट्रियल वर्कर यूनियन के जिला प्रधान गुलाब सिंह, आशा वर्कर्स यूनियन की जिला सचिव सुशीला, मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान निर्मला अहलावत, आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन की जिला उप प्रधान रीटा ठाकुर, वन विभाग मजदूर यूनियन के जिला प्रधान महेंद्र सिंह, क्रैच वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान नूतन शर्मा आदि ने भाग लिया।

### टीचर्स को ट्रेनिंग दी

**इसराना।** पानीपत के इसराना खंड कार्यालय में चल रहे पीएम श्री स्कुल मुखियागण एवं टीचिंग स्टाफ के तीन दिवसीय आनलाईन प्रशिक्षण का समापन बीईओ इसराना डा.सुनीता कादयान की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर खंड कार्यालय से विजय कुमार, बीआरपी सुशील कुमार, प्रवीन, कृष्ण कुमार, रजनी व डाहर भी उपस्थित रहे। वहीं कैंप में अध्यापकों के सवालों का जवाब भी दिया गया।

### बीएलओ बनाएंगे वोट

**इसराना।** निर्वाचक पंजीयन एवं उपमंडल अधिकारी इसराना ज्योति मित्तल ने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर 18 साल आयु पार कर चुके युवाओं के फोटो युक्त वोट बनाने का कार्य करेंगे साथ ही ऐसे मतदाताओं की भी पहचान करेंगे जिनकी मृत्यु हो चुकी है उसके बाद भी मतदाता सूची में नाम चल रहा है। इसमें आम जन बीएलओ का सहयोग करें। उपरोक्त जानकारी एसडीएम ज्योति मित्तल ने दी।

### विस चुनाव की तैयारी में जुटी आप

**पानीपत।** आप हलका पानीपत ग्रामीण के विधानसभा चुनाव को लेकर ब्लॉक वार्ड, ग्राम अध्यक्ष व सचिव के लेवल की मीटिंग सनौली रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर सुखबीर सिंह मलिक के नेतृत्व में की गई। इस अवसर पर राजकुमार मुंडे, कर्मवीर जाटल, सुरेंद्र मांडी, होशियार सिंह, बाबूराम गोयल ,मनीष दुबे, संजीव गोयल, अमित नौहरा, राजेंद्र राठी, कृष्ण मलिक, शीशपाल मलिक, राजवीर किसान नेता, मनमोहन, चमन बाबू, विकास, सोनू , प्रवेश यादव, अनवर, सागर आदि उपस्थित रहे।

---

आर्य कॉलेज में आयोजित किया सेमिनार

# नए कानूनों पर पानीपत पुलिस का मार्ग दर्शन किया, एक जुलाई से लागू हो जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत व जिला न्यायवादी राजेश चौधरी ने शनिवार को आर्य कॉलेज के सभागार में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन कर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को तीनों नए कानूनों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान नए कानूनों के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि तीन नए कानून भारतीय न्याय सहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता 2023 व साक्ष्य अधिनियम 1 जुलाई से लागू हो रहे हैं, जो भारतीय दंड सहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) व भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों इनका गहनता से अध्ययन करें।




**पानीपत।** पुलिस विभाग के सेमिनार को संबोधित करते हुए कप्तान अजीत शेखावत व सेमिनार में उपस्थित पुलिस अफसर आदि।

### कानूनी कार्रवाई की समय सीमा तय की

नए कानूनों में दिए गए प्रावधानों में प्रत्येक कार्रवाई के लिए निश्चित समय सीमा निधारित की गई। शिकायत मिलने के 3 दिन के अंदर एफआईआर दर्ज करनी होगी। जिन केसों में 3 से 7 साल का प्रावधान है उन केसों में थाना प्रभारी, उप पुलिस अधीक्षक अथवा उससे वरिष्ठ अधिकारी की अनुमति लेकर एफआईआर दर्ज करने से पहले 14 दिन के भीतर प्रारंभिक जांच कर सकेंगे। प्रारंभिक जांच के बाद एफआईआर दर्ज करनी होगी। एफआईआर दर्ज करने के बाद पीड़ित को मुकदमें की प्रगति बारे एसएमएस या अन्य इलेक्ट्रोनिक्स माध्यमों द्वारा 90 दिनों के अंदर अंदर जानकारी प्रदान की जाएगी। नए कानून में छोटे अपराध जिनमें तीन वर्ष से कम की सजा है, उनमें आरोपित यदि 60 वर्ष से अधिक आयु का है तो उसकी गिरफ्तारी के लिए उप पुलिस अधीक्षक या उससे वरिष्ठ अधिकारी की अनुमति लेना अनिवार्य। गंभीर अपराध की सूचना पर घटनास्थल पर बिना विचार करें शून्य एफआइआर दर्ज। कानून में संगठित अपराध पर विशेष प्रावधान है। संगठित गैंग, सिंडिकेट चलाने वाले गिरोह के आरोपियों द्वारा अपराध कर काली कमाई से अर्जित की संपत्ति को अटेच करने के प्रावधान बारे विशेष रूप से दिया गया। अब जांच अधिकारी पुलिस अधीक्षक के माध्यम से माननीय न्यायालय में अपील कर आरोपियों की इस प्रकार से अर्जित की संपत्ति अटेच करवा सकेगा। जिला न्यायवादी राजेश चौधरी ने सेमिनार में भारतीय न्याय सहिता की धाराएं के बारे में की जानकारी दी। नए कानून बीएनएस के बारे जानकारी देते हुए बताया कि आईपीसी में यौन उत्पीड़न का अभियोग 354ए धारा के तहत दर्ज किया जाता है इसको अब बीएनएस में 75(2) धारा के तहत दर्ज किया जाएगा। दुष्कर्म को 376 धारा में दर्ज किया जाता है बीएनएस में 64 धारा के तहत दर्ज किया जाएगा। इसी प्रकार अन्य धारा के नंबरों में बदलाव किया गया। भारतीय दंड सहिता में (आईपीसी) में 511 धाराएं थी लेकिन भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में 358 धाराएं रह गई है। वहीं, सेनिनार में संदीप कुमार, सतीश गौतम, नरेंद्र सिह, सुरेश सैनी, कृष्ण कुमार सभी डीएसपी, सभी थानों व चौकियों के प्रभारियों समेत पुलिस अफसरों व वरिष्ठ कर्मियों ने भाग लिया।

#### पीड़ित को जल्द मिलेगा न्याय

नए कानूनों के लागू होने पर ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिक से अधिक तीन साल में देना होगा। महिला विरूद्ध अपराध से संबंधित मामलों में 60 दिन के अंदर जांच पूरी कर न्यायालय में चालान पेश करना होगा। दोषी द्वारा चालान की प्रति प्राप्त करने उपरांत 60 दिन के अंदर न्यायालय में चार्जशीट करना अनिवार्य होगा। नये कानून के अनुसार इलेक्ट्रोनिक्स माध्यम/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही रिकार्ड की जा सकेगी। मुकदमें में बहस/दलीलें पूर्ण होने के उपरांत न्यायालय द्वारा 30 दिन में फैसला देना अनिवार्य होगा व जिससे अधिकतम 45 दिनों की अवधि तक बढ़ाया जा सकता

#### कुख्यात अपराधी को दोबारा रिमांड पर ले सकेगी पुलिस

संगठित अपराध जो बार बार अपराध करते है ऐसे मामलों में अब कठोर सजा फांसी, उम्रकैद के साथ साथ कम से कम 10 लाख रुपए जुमार्ना होगा। जैसे फिरौती मांगना, साइबर अपराध, किडनैपिंग, जमीनों पर कब्जा करना इत्यादी। संगीन मामलों में पुलिस अब आरोपियों को हथकड़ी लगाकर भी माननीय न्यायालय में पेश सकती हैं। गरीब की जायदा पर जो कब्जा करते है उन पर भी इसमें समयबद्ध कार्रवाई का प्रावधान किया गया है।

#### दुष्कर्म केस की जांच दो माह में पूरी करनी होगी

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामलों में जांच दो माह के भीतर पूरी करनी होगी। नए कानून के तहत पीड़ित को 90 दिन के भीतर अपने मामले की प्रगति पर नियमित रूप से जानकारी पाने का अधिकार होगा। इसके अलावा तलाशी अथवा जब्ती की प्रक्रिया के दौरान वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य होगा। वहीं, सेमिनार के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियों दिखाकर वीडियों ग्राफी करने की विधी का प्रशिक्षण दिया गया।

#### थानों में कार्यक्रम होंगे

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि एक जुलाई को जिला के प्रत्येक थाना में कार्यक्रम आयोजित कर सरपंचों व मौजिज लोगों को तीनों नए आपराधिक कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। ताकि वे आगे आमजन को जागरूक कर सकें।

---

### सीएम आज पानीपत में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**पानीपत।** जिलाधीश डॉ वीरेंद्र दहिया ने 30 जून रविवार को पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के आगमन के दृष्टिगत उनकी सुरक्षा के मद्ददेनजर दण्ड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार पानीपत जिला में जहां-जहां मुख्यमंत्री का आगमन रहेगा उसके एक हजार मीटर के दायरे के अन्दर 30 जनू को अस्थाई तौर पर रेड जोन घोषित किया गया है। आदेश के तहत किसी भी प्रकार के मानव रहित उडने वाले वाहन (ड्रोन इत्यादि) उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा। उक्त आदेशों की अवहेलना में यदि कोई पुरुष या महिला दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी। वहीं, जिलाधीश डॉ दहिया ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार कार्यक्रम स्थल के लिए, लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में कार्यकारी अभियंता सवित पन्नु, एनएफएल स्थित कालंदी गैस्ट हाऊस में तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार, क्रू मैम्बर के साथ नायब तहसीलदार मडलौडा अनिल कुमार, कारकेड के साथ नायब तहसीलदार इसराना, सौरव शर्मा और एनएफएल हैलीपेड पर नायब तहसीलदार पानीपत अस्तीत्व पारशर डयूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त इस कार्यक्रम के लिए ओवरऑल इन्चार्ज होंगे।

■ आदेशों की अवहेलना करने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी

---

# पर्यावरण को घना करना हर नागरिक का कर्तव्यः डॉ नैन

■ शहीद भगत सिंह यूथ क्लब ने ग्रामीण अंचल में पौधरोपण अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

शहीद भगत सिंह यूथ क्लब पानीपत के प्रधान अविनाश मलिक व उप प्रधान विशाल खोखर ने विशाल पौधारोपण अभियान गांव भादड में चलाया। वहीं पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानियां ने किया। इधर, अविनाश मलिक ने बताया कि शहीद भगत सिंह यूथ क्लब लगातार सामाजिक कार्य कर रहा है। क्लब के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मानसून के दौरान पौधारोपण कर रहे है और पर्यावरण को घना करने का अभियान आगे भी जारी रहेगा। वहीं मलिक ने युवाओं से नशे की लत से दूर रहने की अपील की। जबकि डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि शहीद भगत सिंह यूथ क्लब शहीद ए आजम भगत सिंह की विचारधारा को लेकर युवाओं में लगातार अच्छा संदेश दे रहा है और पौधारोपण अभियान चला कर पर्यावरण को घना करने की सशक्त पहल की। वहीं, रामावतार पलसानियां ने बताया की आज के समय में लोगों ने अपनी सुख-सुविधा में जनजीवन को बहुत ही प्रभावित करके पर्यावरण को नुकसान पहुंचा दिया है। इसी कारण तापमान व प्रदूषण बढ रहा है। उन्होंने पौधारोपण के लिए शहीद भगत सिंह यूथ क्लब की सरहाना की। इस अवसर पर वन विभाग से सुनील सहरावत, नरेश मान, राजू खोखर, युवराज बालियान, मुकेश खोखर, मनीष खोखर, रोहित लाठर, अंकित कल्याण, गोपी सरंपच, प्रदीप कारद समेत बडी संख्या में युवाओं ने पौधे रोपे।



पानीपत। शहीद भगत सिंह यूथ क्लब व अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के पदाधिकारी गण पौधे रोपते हुए।



### मानसून की पहली बारिश में पौधे रोपे

**पानीपत।** पानीपत के सौंदापुर स्थित आरएसपी स्कूल में मानसून की पहली बारिश में पौधारोपण किया गया। वही, समाजसेवी एवं स्कूल चेयरमैन वीरेंद्र सैनी ने पौधारोपण से होने वाले लाभ के बारे में जहां विस्तार से बताया अपने आस-पास खाली जगह पर पौधारोपण करने की शपथ भी ली। इसके अलावा वीरेंद्र सैनी ने प्रधानाचार्या ललिता शर्मा व सभी शिक्षकों के साथ अपने क्षेत्र में 121 वृक्षारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। वीरेंद्र सैनी ने कहा कि अब लोगों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अब वह समय आ चुका है जब पेड़ों को बचाने के लिए सभी को अपनी-अपनी भूमिका निभानी है। हमारे लिए पेड़ पौध बड़े ही अनमोल हैं, जो हमें शुद्ध हवा देते हैं तथा तापमान को सामान्य रखते हैं। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को अपने घर या आसपास खाली जगह पर पौधे रोपने चाहिए और उनकी जवान होने तक देखभाल करनी चाहिए।

---

# समारोह में पहुंचकर युवकों ने किया हमला

■ समारोह में आए आधा दर्जन लोग घायल

■ पुलिस ने चार आरोपी युवकों को नामजद करते हुए अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज


हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के ओबेरॉय पैलेस में बच्चे के जन्म के उपलक्ष में चल रहे समारोह में दर्जन भर युवकों ने आकर गंडासी व सरियों से हमला कर दिया। हमले में समारोह में आए आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पंजाब के पठानकोट निवासी पंकज शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मुंडा माजरा निवासी सौरभ शर्मा के घर पर उसके बच्चे के जन्म के उपलक्ष में आयोजित समारोह में आया था। शहर के ओबेरॉय पैलेस में कार्यक्रम किया जा रहा था। रात को करीब साढ़े 11 बजे जब वह कार्यक्रम में मौजूद थे तो दर्जन भर युवक अपने हाथों में गंडासी सरिया व बिंडे लेकर आए। आरोपियों ने आते ही उन पर हमला कर दिया। उसके दोस्त सौरभ शर्मा ने आरोपियों को पहचान लिया।

# दिव्यांगों को कृत्रिम अंग देगा रोटरी क्लब पानीपत रॉयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रोटरी क्लब पानीपत रॉयल के प्रोजेक्ट चेयरमैन पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रमन अनेजा ने बताया कि रोटरी पानीपत रॉयल क्लब सदैव समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए निरंतर सेवा भाव से कार्य कर रहा है। गत वर्ष करीब 45 लाख रुपए की कीमत से अधिक चार डायलिसिस की मशीन एवं अन्य उपकरण सत जिंदा कल्याणा समिति टीडीआई पानीपत को सहायतार्थ दी गई थी। इसी श्रृंखला में पिछले दिनों रोटरी का एक मेडिकल दल जिसमें पानीपत से रोटरी क्लब पानीपत रॉयल ने प्रमुखता से भाग लिया तथा मोजांबिक देश के प्रोजेक्ट पर लगभग 90 लाख का खर्चा, मरीजों के उपचार पर किया उन्हें दवाइयां तथा उपकरण भेजे। उन्होंने दावा किया कि मोजांबिक देश में यह मेडिकल कैंप बहुत ही कामयाब रहा तथा मानवता के क्षेत्र में अहम योगदान रहा और हजारों लोगों ने इसका लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब पानीपत रॉयल, दिव्यांगों को कृत्रित अंग प्रदान करेगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 35 लाख रूपये का खर्च आएगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब पानीपत रॉयल गोल्ड के अध्यक्ष लविश चोपड़ा, रंजीत भाटिया, सुदर्शन चुघ, प्रेम अरोड़ा, धीरज मलिक, सुमित मित्तल, इंद्रजीत गेरा, संदीप गोयल, रमेश बजाज, विनीत शर्मा, शशि चड्ढा, अनिल मेहरा, राहुल अग्रवाल, नरेश चोपड़ा, वीके रहेजा, मीरा रहेजा, मीनू अनेजा, प्रवीन चोपड़ा, सोनाक्षी चोपड़ा, अनिल बरेजा, धीरज मिगलानी, देवेंद्र सिंह, कंवर रविंद्र आदि रोटेरियन उपस्थित रहे।



पानीपत। रोटरी क्लब पानीपत रॉयल के पदाधिकारी गण बैठक करते हुए।

---

**बैठक** जिला परिषद की बैठक में जनहित से जुड़े कई अन्य मुद्दों पर चर्चा

सीईओ गौरव कुमार की उपस्थिति सचिवालय के सभागार में परिषद की सामान्य बैठक

# पानीपत के ग्रामीण अंचल का तेजी से विकास करेंगेः काजल

■ बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा हुई। जिन बिंदुओं पर चर्चा हुई उनमें 15 वित्त आयोग की नई ग्रांट के कार्य स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में जिला परिषद की सामान्य बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद की अध्यक्ष काजल ने की।

उन्होंने कहा कि जिले में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी सभी जिला परिषद सदस्यों को साथ लेकर विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं बरता जाएगा ।

उन्होंने सभी से मिलजुल कर कार्य करने का आह्वान किया। वहीं बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा हुई। जिन बिंदुओं पर चर्चा हुई उनमें 15 वित्त आयोग की नई ग्रांट के कार्य स्वीकृत कराने, राज्य वित्त आयोग के सभी विकास कार्यो की प्रगति के बारे में एवं स्वीकृत राशि से अधिक अदायगी के उपरान्त स्वीकृति लेने एवं पूर्व में स्वीकृत की गई।

लाइट एवं एमएसके की जगह उपलब्ध करवाने के बारे में भी चर्चा हुई। मीटिंग में जनसंवाद पोर्टल के तहत टेबल तीन से संबंधित प्राप्त मांगों की प्रगति पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि की प्रगति, जिला परिषद कार्यालय को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आधारभूत संरचना के बारे में चर्चा की गई। बैठक में इसके अलावा कई अन्य मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।




**पानीपत।** पानीपत जिला परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष काजल देशवाल।

---

### पानीपत में रिमझिम गिरा सावन, जलभराव



पानीपत के गांव इसराना में बारिश का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

पानीपत/इसराना। पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में विभिन्न जगह मानसून की पहली बारिश हुई। वहीं बारिश से नागरिकों को भीषण गर्मी से राहत मिली। दूसरी ओर, इसराना सब डिवीजन क्षेत्र में पहली बारिश ने जहां भीषण गर्मी से राहत मिली दिलाई। वहीं गांवों में सफाई व्यस्था की पोल खोल दी। पानी की निकासी ना होने से गलियों में पानी जमा हो गए। इसराना की लक्ष्मी नगर कालोनी में बैक के पीछे वाली गली में काफी समय से गली में कूड़े के ढ़ेर पड़े हुए हैं ओर नाली भी जाम है जिसके चलते पानी गली में जमा हो जाता है। वहीं गांव बांध, कुराना, अहर, माड़ी, बुआना लाखू, शाहपुर, कैत, परढाना, नौल्था, भाऊपुर, पाथरी आदि गांवों में जलभराव की समस्या बनी रही। जबकि इसराना में रोहतक हाइवे पर भी बरसाती पानी खडा हो गया। जलभराव के चलते चालकों को अपने वाहनों की रफ्तार कम करनी पडी। दूसरी ओर, बारिश में बच्चों ने जमकर घमाल किया। जबकि हर आयु वर्ग के नागरिकों ने बारिश में भीग कर गर्मी से राहत ली।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अमन को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। परिवादी राजू उर्फ भगत ने 3 अगस्त 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि नमस्ते चौक पर स्थित उसकी दुकान की छत उखाड़कर उसके गल्ले से किसी ने एक बड़ी रकम चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धमकी देने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी रूपिंद्र सिंह, मलकीत सिंह, कुलबीर सिंह, जसबीर सिंह उर्फ जसविंद्र को गिरफ्तार किया है। गोला गांव के बब्बर सिंह ने 26 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उसके परिवार के सदस्यों से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 21 वाहनों के चालान किए

**अंबाला।** सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राइविंग निर्धारित करने व बांई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस के जवानों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। नियमों की उल्लघंना करने पर 21 भारी वाहनों के चालान किए गए।

### कोरोना काल से बंद पड़ी ट्रेनें चालू करने की मांग

**बराड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रवीण भार्गव ने भाजपा के प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व से बराड़ा रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल के दौरान बंद पड़ी ट्रेनों को फिर से चालू करने और व अन्य ट्रेनों के ठहराव की मांग की। भार्गव ने कहा कि रेलवे स्टेशन के अधीन लगभग 100 से अधिक गांव आते हैं, जिसके हजारों डेली पैसेंजर्स, छात्र और मजदूर अंबाला और यमुनानगर की यात्रा करते हैं। सभी को कोरोना काल में बंद हुई ट्रेनों के कारण यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### मारपीट और धमकी देने के आरोप में चार गिरफ्तार

**बराड़ा।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने 28 जून को चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रूपिंदर सिंह, मलकीत सिंह, कुलबीर सिंह और जसबीर सिंह के रूप में हुई है। ये सभी गांव गोला, थाना मुलाना, जिला अम्बाला के रहने वाले हैं। शिकायतकर्ता बब्बर सिंह ने 26 जून को शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 जून को आरोपियों ने उनके और उनके परिवार से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## परिषद अधिकारियों को ठहराया जिम्मेदार, इनेलो ने की कार्रवाई की मांग

# सुभाष पार्क फूडकोर्ट के दोनों हॉल खाली भुगतान किए बिना ही भाग गए ठेकेदार

जिस अधिकारी की गलती से नगर परिषद को यह नुकसान हुआ है उससे वसूल किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** खाली किए गए हाल का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

सुभाष पार्क मे बने दो फ़ूडकोर्ट के किराये की वसूली न कर पाने के लिए नगरपरिषद छावनी के कार्यकारी अधिकारी व अन्य अधिकारियो को कटघरे मे खड़े करते हुए इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने कहा कि नगर परिषद द्वारा सुभाष पार्क मे बने दो फ़ूडकोर्ट मे से हाल नंबर 1 अंबाला शहर की फर्म और हाल नंबर 2 अंबला छावनी की फर्म को किराए पर दिया गया था। किरायनामा के प्रावधानानुसार यदि किरायेदार लगातार किराया देने मे चूक करता है तो कार्यकरी अधिकारी प्रेमिसेस को सील कर सकता था। सूचना के अनुसार दोनों ही संस्थाओं ने समय पर नहीं दिया और दोनों ही संस्थाओ ने किराएनामे की शर्तों का उल्लंघन किया। सूचना अनुसार हाल नंबर 1 पर अक्तूबर 2022 के बाद का 41,21,809 रुपये और हाल नंबर 2 का किराया अक्तूबर 2023 तक 31,21,135 रुपये किराया बकाया था। प्रश्न यह उठता है कि किसी आम व्यक्ति के थोड़े से किराए या टैक्स की राशि बकाया होने पर नगर परिषद अधिकारी आकर उस की सम्पत्ति सील कर देते हैं तो फिर इन दो हाल के किराएदारों का 41 लाख और 31 लाख से अधिक किराया बकाया होने पर भी इनका हाल सील क्यों नहीं किया गया। मौके पर जाकर हाल की स्थिति देखी गई तो पता लगा कि हाल में से दोनों किराएदार सारे का सारा सामान भी उठा कर ले गए हैं। यह जिम्मेदारी किसकी थी यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है किस अधिकारी की गलती से किराएदार दोनों हाल में से अपना सारा सामान भी उठा कर ले गए। उन्होंने मांग की कि जिस अधिकारी की गलती से नगर परिषद को यह नुकसान हुआ है उस अधिकारी से यह नुकसान वसूल किया जाए और उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए।

# खेतों में पानी देने को लेकर हुआ विवाद

■ पीड़ित ने जातिसूचक शब्द कहने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

खेतों में पानी देने को लेकर उपजे विवाद में गांव घेलड़ी के एक व्यक्ति पर हमला करने का मामला सामने आया है। गांव घेलड़ी के बलविंद्र कुमार पर पानी देने को लेकर हुए विवाद में हमला हुआ है। हमला तब हुआ जब वह और उनकी पत्नी सुनीता अपने खेतों में काम कर रहे थे। बलविंद्र कुमार ने बताया कि जब वे अपने खेतों में पहुंचे तो देखा कि दर्शन लाल, प्रदीप कुमार, और दर्शन लाल का पोता हर्ष उनके ट्यूबवैल से पाइपलाइन लगाकर पानी ले रहे थे। बलविंद्र कुमार ने उन्हें पानी देने से मना किया और कहा कि जमीन को लेकर मामला कोर्ट में चल रहा है। इस पर दर्शन लाल ने कोर्ट के आदेशों को मानने से इनकार करते हुए बलविंद्र कुमार को धमकी दी कि वह उन्हें 8 जुलाई से पहले ही खत्म कर देगा। पीड़ित का आरोप है कि उसकी पत्नी सुनीता ने दर्शन लाल को शांति से बात करने के लिए कहा, लेकिन दर्शन लाल ने उनके साथ भी गाली-गलौच की और गंदी-गंदी गालियां दीं। बलविंद्र कुमार ने जब दर्शन लाल को ट्यूब खोलने के लिए कहा, तो दर्शन लाल ने डंडे से उनके कमर और बाजू पर वार किया। प्रदीप कुमार ने कुल्हाड़ी से हमला किया, जिससे बलविंद्र कुमार की बाई बाजू पर चोट लगी। मौके पर मौजूद अमरजीत सिंह और हरबंस सिंह ने बलविंद्र कुमार को बचाया। हमलावर दर्शन लाल और प्रदीप कुमार बलविंद्र कुमार के ट्यूबवेल की ग्रिप निकाल कर ले गए जान से मारने की धमकी देकर चले गए। हमले के बाद बलविंद्र कुमार को इलाज के लिए उनकी पत्नी सुनीता सीएचसी अस्पताल मुलाना लेकर गई जहां डॉक्टरों ने उन्हें गंभीर चोटों के कारण सिविल अस्पताल अंबाला कैंट रेफर कर दिया। बलविंद्र कुमार ने अस्पताल में बयान दर्ज कराते हुए बताया कि प्रदीप ने उसे धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




# 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' मूवी नेटफ्लिक्स पर 10 जुलाई से

**चंडीगढ़।** मजेदार कॉमेडी के चलते फिल्म इतना हंसाएगी की हंसते-हंसते दर्शकों के पेट में हो जाएगा दर्द। फुकरे 3 में धमाल मचाने के बाद एक बार फिर वरुण शर्मा अपनी कॉमेडी ड्रामा लेकर वापस लौट रहे हैं लेकिन इस बार थिएटर्स में नहीं बल्कि ओटीटी पर।

अभिनेता की आगामी फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाबी की स्टारकास्ट चंडीगढ़ पहुंची। सिमरप्रीत सिंह के निर्देशन में बनी फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाबी का निर्माण लव रंजन और अंकुर गर्ग ने किया है। फिल्म में इशिता राज, पत्रलेखा, सनी सिंह, वरुण शर्मा, मंजोत सिंह, जस्सी गिल और राज हुंडल जैसे कलाकार लीड रोल में हैं। मूवी 10 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग के लिए 13 से रोष प्रदर्शन

■ पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति का ऐलान, काले कपड़े पहन कर करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** पुरानी पेंशन बहाली के लिए एकजुट होते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

पेंशन भली संघर्ष समिति जिला अंबाला की टीम ने विभन्नि विभागों में जाकर सभी एनपीएस कर्मचारियों को अंबाला शहर में 13 जुलाई सेक्टर 7 पार्क नजदीक पंचायत भवन अंबाला से लघु सचिवालय तक को होने वाले पेंशन महासम्मेलन और पेंशन आक्रोश मार्च के लिए आमंत्रित किया।साथ ही सभी साथियों को एक सितंबर 2024 को होने वाले राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री आवास घेराव पंचकूला के लिए भी आमंत्रित किया गया। जिला प्रधान रमेश कुमार ने बताया कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा लगातार 2018 से पुरानी पेंशन की लड़ाई लड़ रहे हैं लेकिन सरकार ने अभी तक हमारी मांग को गंभीरता से नहीं लिया है। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई को होने वाले पेंशन आक्रोश मार्च में सभी कर्मचारी काले कपड़े पहन कर।अपना विरोध दर्ज कराएंगे। इसके बाद एक सितंबर 2024 को पूरे राज्य के सभी विभागों के कर्मचारी पंचकूला में मुख्यमंत्री आवास घेराव करेंगे जिसकी पूर्णता जम्मिवारी सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि सरकार को हमारी मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए।यह 2 लाख एनपीएस पीड़ित कर्मचारियों और उनके परिवार के भवष्यि का सवाल हैं। जिला महासचिव सुदेश कुमार ने कहा कि एनपीएस के तहत 500,700,1200,2000 रुपये तक की पेंशन बन रही है जो कर्मचारियों के साथ एक भद्दा मजाक है।इस पेंशन से एनपीएस पीड़ित कर्मचारियों का गुजारा नहीं कर पा रहे हैं। जिला संयोजक विजय कुमार ने कहा कि सभी एनपीएस कर्मचारी अपनी मांग के लिए एकजुट है। इस अवसर राज्यकार्यकारणी से कमलदीप और आनंद कंवर,ब्लॉक अंबाला प्रधान हैप्पी पांचाल,ब्लॉक अंबाला महासचिव दलबीर सिंह सहित अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रिटायर्ड कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी

■ सभी वर्ग सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति पर चले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


**बराड़ा।** बैठक की जानकारी देते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

विधानसभा के चुनाव निकट देखकर सभी वर्ग सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति पर चलते हुए लामबंद होने लगे हैं। इसी मुद्दे को लेकर हरियाणा पेंशनर वेलफेयर सोसाइटी खंड इकाई की कार्यकारिणी की एक आपात बैठक का आयोजन प्रधान बृजमोहन गोयल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सरकार को सेवानिवृत कर्मचारियों के कार्ड तत्काल बनाने, 65,70, 75 व 80 वर्ष की आयु होने पर मूल पेंशन में क्रमशः 5%, 10%, 15%, तथा 20% की वृद्धि करना, चिकित्सा भत्ता 3000 मासिक दर से भुगतान करने, पारिवारिक पेंशन में एल.टी.सी सुविधा प्रदान करने, 31 दिसंबर से 30 जून के बीच सेवा निवृत कर्मचारियों को एक वार्षिक वृद्धि प्रदान करने, कंप्यूट अवधि मासिक कटौती 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष करने आदि चिरलंबित मांगों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का अनुरोध करते हुए संघ ने सरकार को चुनाव से पूर्व सभी न्याय संगत मांगों को पूरा करने की चेतावनी जारी कर कहा कि अन्यथा चुनाव में सत्ता पक्ष परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। संघ ने सरकार को स्मरण कराया कि समय-समय पर सेवानिवृत कर्मचारियों की सभी मांगों को उचित बताकर सरकार सैद्धांतिक रूप से शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन देती रही है। परंतु धरातल पर कार्रवाई अमल में न लाने से संघ में गहरा रोष व्याप्त है। संघ ने सरकार के सभी रोगों के उपचार हेतु कैशलेस प्रणाली आरंभ करने संबंधित अधिसूचना जारी कर ने पर आभार जताया।

### सामुदायिक केंद्र की गली में नाली तोड़ने पर हंगामा

**बराड़ा।** गांव घेलड़ी गांव में बने सामुदायिक केंद्र की गली और नाली को तोडऩे को लेकर उपजे विवाद में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। यह मामला प्रताप सिंह और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दर्ज किया गया है, आरोपियों ने पंचायत द्वारा बनाई गई गली और नाली को तोडक़र अपनी जमीन में मिलाने का प्रयास किया।

जब प्रदीप कुमार ने उसे रोका, तो प्रताप सिंह ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौच किया। घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत सचिव मौके पर पहुंचे और प्रताप सिंह का काम रुकवाया। प्रदीप कुमार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रताप सिंह और उसके परिवार के सदस्यों को काम रोका। पुलिस के जाने के बाद, प्रताप, उसकी माता शारदा और पत्नी ने दूसरी मेन गली में जाकर भूषण कुमार पुत्र शिवकुमार के साथ हाथापाई की। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

# पीएम श्री योजना की चयनित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

■ शिक्षकों को नई तकनीक से करवाया गया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


**बराड़ा।** कार्यशाला में भाग लेते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

पीएम श्री योजना के अंतर्गत चयनित स्कूलों को अपग्रेड करने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में जिला परियोजना संयोजक अधिकारी सुधीर कुमार कालड़ा के मार्गदर्शन में और प्रधानाचार्य जगदीश मेहरा के नेतृत्व में गांव उगाला के पीएम श्री स्कूल में तीन दिवसीय ऑनलाइन शिक्षक क्षमता वर्धन कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्याशाला में प्रधानाचार्य सहित कुल 33 शिक्षकों ने भाग लिया। खंड संयोजिका अधिकारी मोनिका और खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार राणा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पीएम श्री स्कूलों के शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के तहत आने वाले बदलावों के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यशाला में खंड कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र सिंह बीआरपी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को नवीनतम तकनीकों के साथ प्रशिक्षित किया गया ताकि वे छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सके। इसमें विज्ञान की तीन शाखाएं, भाषा लैब, भूगौलिक लैब और डिजिटल लैब की स्थापना पर विशेष ध्यान दिया गया। कुछ विद्यालयों में बच्चों को रोबोटिक्स के बारे में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। पीएम श्री योजना के तहत देशभर के विभिन्न स्कूलों का चयन किया गया है और उन्हें अपग्रेड किया जा रहा है। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लास की सुविधाएं भी मुहैया कराई जा रही हैं ताकि छात्र अध्ययन के साथ-साथ अपने भविष्य के लिए अधिक सजग हो सके। शिक्षा मंत्रालय द्वारा इन स्कूलों के शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं बनाई गई हैं।

# कारगिल युद्ध स्मारक के लिए रवाना

■ 25वां कारगिल विजय दिवस पर भारतीय सेना डी5 मोटरसाइकिल रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कारगिल स्मारक के लिए रवाना हुए बाइक सवार। फोटो : हरिभूमि

खड़गा कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने , अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर से होते हुए कारगिल युद्ध स्मारक, द्रास के लिए डी5 मोटरसाइकिल रैली के 16 सवारों की एक टीम को सुबह अंबाला छावनी से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले यहां अंबाला छावनी में मेजर जनरल अनूप सिंघल, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, डीप स्ट्राइकर्स डिवीजन द्वारा स्वागत किया गया था। अब अमृतसर (पंजाब) की ओर जाएगा। पाकिस्तान पर भारतीय सेना की जीत की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में, भारतीय सेना की डी5 (दिनजन, धनुषकोडी, द्वारका, दिल्ली और द्रास) मोटरसाइकिल रैली को इस से पूर्व 12 जून, 2024 को देश के तीन कोनों - द्वारका (पश्चिम), धनुषकोडी (दक्षिण) और दिनजन (पूर्व) से हरी झंडी दिखाई गई थी। कुल 32 सवारों वाली तीन टीमें, देश के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से गुजऱने के बाद दिल्ली में एकत्र हुईं और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे द्वारा उन्हें 27 जून को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, दिल्ली में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। दिल्ली से आगे ये राइडर्स दो टीमों में 16-16 राइडर्स के साथ दो अलग-अलग मार्गों से यात्रा कर रहे हैं। एक जोजिला, सरचू, न्योमा एक्सिस के मार्ग से और दूसरा अंबाला, अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर मार्ग से 8 जुलाई, 2024 को द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पहुंचेंगे।

## छुट्टियों में किए गृहकार्य पर गूगल फार्म पर फीडबैक देंगे अभिभावक

# छुट्टियों में छात्रों का कैसा रहा घर पर व्यवहार बताएंगे परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



गर्मियों की छुट्टियों के बाद 1 जुलाई से स्कूल खुलने जा रहे हैं। ऐसे में एक महीने के दौरान विद्यार्थियों द्वारा किए गए होमवर्क का अब रिव्यू किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी अभिभावकों को सौंपी गई है। बाल वाटिका से लेकर पांचवी कक्षा के होमवर्क को रिव्यू करने के लिए यह तैयारी की जा रही है इस बार इन कक्षा के छात्रों को अलग से होमवर्क दिया गया था लेकिन घर पर इस दौरान छात्रों का व्यवहार कैसा रहा? उन्होंने स्कूल द्वारा दिए गए होमवर्क को कैसे किया? यह सभी जानकारी अभिभावक विभाग को देंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि जिले में प्राथमिक स्कूलों की संख्या 478 है। अक्सर अभिभावक बताते हैं कि उनके बच्चों द्वारा अच्छा काम तो किया गया लेकिन उन्हें कोई शाबाशी अथवा सकारात्मक टिपण्णी नहीं मिलती। ऐसे में अब अभिभावक खुद ही बच्चों का आंकलन करेंगे। इसके लिए बच्चों के गृहकार्य बारे एक गूगल फॉर्म पर अभिभावकों से कुछ प्रश्न पूछे जाएंगे जिसके आधार पर बच्चों को अंक दिए जाएंगे। इस सब के लिए जिला स्तर पर कक्षावार एक गूगल फॉर्म भी तैयार कर लिया गया है जिसे सभी अभिभावकों के साथ साँझा किया जायेगा। इसमें छात्रों के व्यवहार से लेकर उन्होंने ग्रीष्मकालीन अवकाश में क्या-क्या गतिविधियां की? उन्हें घर के सभी सदस्यों के फोन नंबर आधार नंबर याद है या नहीं? इस तरह के सवालों को पूछा जाएगा। यह गूगल फॉर्म फोन के माध्यम से अभिभावकों तक पहुंचेगा जिसे भरना सभी के लिए अनिवार्य होगा। प्राइमरी स्तर पर छात्रों को इस बार निपुण हरियाणा मिशन के तहत होमवर्क दिया गया था जिसमें छात्रों को अपने माता-पिता और इसमें प्राइमरी स्तर के बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कार्य हो रहे हैं। ऐसे में बच्चों के स्कूल एक्टिविटी के साथ-साथ होमवर्क पर भी इस बार खास नजर रखी जा रही है। एक महीने में बच्चों ने घर में क्या-क्या एक्टिविटी की, उसका असर हुआ है, इसको लेकर पूरी रिपोर्ट तैयार होगी। 30 जून तक स्कूल में गर्मी की छुट्टियां हैं। 1 जुलाई से स्कूल खुल जाएंगे। इसके बाद अगले 15 दिन में स्कूल में पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया जाएगा इस मीटिंग के बाद उसे छात्रों को उस के बारे में बताया जाएगा। गौरतलब है कि छुट्टियां शुरू होने से पहले भी पीटीएम आयोजित की जानी थी। लेकिन बढ़ती गर्मी के चलते इस बार समय से पहले छुट्टियां कर दी गई थी। स्कूल खोलने के बाद जुलाई महीने में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत एंडलाइन असेसमेंट की तैयारी भी की जा रही है। बच्चों द्वारा अप्रैल में की गयी पढ़ाई के सिलेबस और जून माह में किये गए ग्रीष्मकालीन गृहकार्य के आधार पर बच्चों का यह प्रस्तावित आंकलन किया जाएगा।